राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

(पूर्व राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड)
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांकः प.8(13)प.आ./R.S.S.B./विविध सी.भ.प./2018/283 दिनांकः 10-04-2019

विज्ञप्ति

बोर्ड द्वारा विगत समय में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे। इन पदों पर भर्ती हेतु परीक्षाओं के आयोजन की तिथियों के निर्धारण के बारे में अभ्यर्थियों द्वारा ई–मेल द्वारा एवं व्यक्तिगत सम्पर्क कर जानकारी चाही जाती है। ऐसा भी जानकारी में आया है कि सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से परीक्षाओं की काल्पनिक तिथियों के बारे में प्रचारित किया जा रहा है।

अतः स्पष्ट किया जाता है कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्धेनजर वर्तमान में आचार संहिता प्रभावी होने से किसी भी परीक्षा के आयोजन के लिए तिथियों का निर्धारण बोर्ड कार्यालय द्वारा अभी नहीं किया गया है। बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी भी परीक्षा की तिथि की जानकारी अभ्यर्थियों को राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशन करवाया जाकर एवं बोर्ड की अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड करवाया जाकर प्रदान की जाती है।

परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें । बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे । नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

10.4.2019

(डॉ. बी0 एल0 जाटावत)
अध्यक्ष